दिन– शुक्रवार | दिनांक– 15 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 10.30 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. देश आज उनासीवां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराया और राष्ट्र को संबोधित किया।

02. प्रधानमंत्री ने दुश्मनों की नापाक कोशिशों को ध्वस्त करने के लिए शक्तिशाली हथियार प्रणाली मिशन सुदर्शन चक्र शुरू करने की घोषणा की।

03. श्री मोदी ने युवाओं के लिए आज से पीएम विकसित भारत रोजगार योजना की शुरूआत की।

04. पटना में ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित मुख्य राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ध्वजारोहण किया। प्रदेशवासियों को किया संबोधित।

05. और मुख्यमंत्री ने राज्य में नौकरी के लिए ली जाने वाली प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षाओं का शुल्क सौ रुपये करने की घोषणा की।

---

देश आज उनासीवाँ स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराया और राष्ट्र को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी का यह पर्व एक सौ चालीस करोड़ देशवासियों की एकता की भावनाओं को निरंतर मजबूत कर रहा है।

–––बाइट–––

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर ऑपरेशन सिंदूर के वीर जाबांजों को नमन किया।

–––बाइट–––

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मिशन सुदर्शन चक्र शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह शक्तिशाली हथियार प्रणाली दुश्मनों पर कई गुना अधिक घातक होगी।

–––बाइट–––

प्रधानमंत्री ने आज से ही विकसित भारत रोजगार योजना लागू होने की भी घोषणा की।

–––बाइट–––

प्रधानंत्री ने इस दिवाली पर देशवासियों को एक बड़ा तोहफा देने की घोषणा की। श्री मोदी ने कहा कि हम अगली पीढ़ी के लिए जीएसटी सुधार लेकर आ रहे हैं।

———बाइट———

प्रधानमंत्री ने कहा कि हम दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत बनने के लिए न रूकेंगे, न झुकेंगे और कठोर परिश्रम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि हम हर प्रकार की गुलामी से मुक्ति पाकर अपनी विरासत पर गर्व करेंगे।

———बाइट———

---

स्वतंत्रता दिवस पर पटना में आयोजित मुख्य राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित समारोह में अपने संबोधन में श्री कुमार ने कहा कि प्रगति यात्रा के दौरान प्रदेश में चार सौ तीस नई योजनाएं शुरू की गयी हैं। इन योजनाओं के लिए पचास हजार करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गयी है। श्री कुमार ने राज्य में नौकरी के लिए आयोजित होने वाली प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा का शुल्क घटाकर सौ रुपये करने की घोषणा की।

———बाइट———

श्री कुमार ने कहा कि विभिन्न चुनौतियों के बावजूद राज्य प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने प्रदेश में सद्भाव और भाईचारे का माहौल बने रहने की कामना की। श्री कुमार ने प्रदेशवासियों से बिहार को विकसित राज्य बनाने में सहयोग का संकल्प लेने का भी आह्वान किया। इससे पहले, परेड में बिहार पुलिस, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, बीएमपी, होमगार्ड, एनसीसी और भारत स्काउट एंड गाईड के जवानों ने भाग लिया। इस अवसर पर शिक्षा, सहकारिता, पर्यटन और जीविका समेत विभिन्न विभागों की ओर से झांकियां भी निकाली गयी।

---

इधर, प्रदेश भर में स्वतंत्रता दिवस समारोह उल्लास पूर्वक माहौल में मनाया जा रहा है। विभिन्न जिला मुख्यालयों से हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि हर जगह जश्न का माहौल है। स्कूल, कॉलेज, सरकारी कार्यालयों और निजी संस्थानों में भी

ध्वजारोहण का कार्यक्रम चल रहा है। प्रदेश के महादलित गांवों और टोलों में विशेष समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जहां समुदाय के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति झंडोत्तोलन कर रहे हैं।

---

स्वतंत्रता दिवस के अवसर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने राजभवन में झंडोत्तोलन किया। विधानसभा परिसर में अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, विधान परिषद में सभापति अवधेश नारायण सिंह और पटना उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश विपुल एम. पंचोली ने ध्वजारोहण किया। आकाशवाणी पटना के प्रांगण में सहायक निदेशक–अभियांत्रिकी उदय शंकर ने झंडोत्तोलन किया। इस अवसर पर अन्य अधिकारी तथा कर्मी मौजूद थे। भाजपा, जदयू, राजद, कांग्रेस और वामपंथी दलों समेत विभिन्न राजनीतिक दलों और संस्थाओं के कार्यालयों में भी इस अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किये गये।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि यह अवसर सभी देशवासियों के जीवन में नया जोश और स्फूर्ति लेकर आए, जिससे विकसित भारत के निर्माण को नई गति मिले। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने अपने संदेश में वीर शहीदों और महान स्वतंत्रता सेनानीयों को नमन करते हुए देशवासियों को आपसी प्रेम और भाईचारे की भावना को बनाए रखने की अपील की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इसके साथ ही उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, समेत अन्य मंत्रियों और विधायकों ने भी प्रदेश वासियों को शुभकामनाएं दी है।

---

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आज राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया जा रहा है।

---

पूर्णिया एयरपोर्ट से जल्द ही हवाई सेवा शुरू होगी। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने एयरपोर्ट से जुड़े निर्माण कार्य का निरीक्षण करने के बाद कहा कि तीस अगस्त तक एयरपोर्ट का काम पूरा कर लिया जाएगा।

---

ईमाम हुसैन और उनके बहत्तर साथियों की शहादत की याद में आज चेहल्लुम पूरी श्रद्धा और पारम्परिक विश्वास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राजधानी पटना समेत प्रदेश के विभिन्न भागों में ताजिया और मातमी जुलूस निकाले जा रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हजरत ईमाम हुसैन और करबला के शहीदों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है।

---

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता धीमी पड़ गयी है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज सीतामढ़ी, मधुबनी, अररिया, किशनगंज, रोहतास और औरंगाबाद जिले में कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना के अथमलगोला में रिकॉर्ड दो सौ छब्बीस मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी।

---

पटना, मुंगेर, पूर्णिया और भागलपुर समेत दस जिलों के चौवन प्रखंडों की तीन सौ अड़तालीस पंचायतों की पच्चीस लाख की आबादी बाढ़ से प्रभावित है। बाढ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कल पटना, वैशाली, बेगूसराय और मुंगेर जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण कर स्थिति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्य तेज करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच सूखा राशन, पशु चारा, पॉलिथीन शीट और दवा समेत अन्य जीवनरक्षक सामानों का वितरण सुनिश्चित करने को कहा। इधर, प्रदेश की विभिन्न नदियों के जलस्तर में कमी आने के साथ ही बाढ़ प्रभावित ईलाकों में पानी नीचे उतरने लगा है। हालांकि इससे कटाव का खतरा बढ़ गया है।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** स्वतंत्रता दिवस से जुड़ी अपनी विशेष खबर में लिखता है – जल से नभ तक शक्ति और समृद्धि बढ़ी।

**दैनिक जागरण** की बड़ी खबर है – जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने से मची भारी तबाही, छियालीस की मौत। दो सौ से ज्यादा लापता।

**दैनिक भास्कर** ने राज्य में चल रहे मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण पर उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर शीर्षक दिया है – वोटर लिस्ट से हटे पैंसठ लाख नाम जारी करें, कारण भी बताए। निर्वाचन आयोग की दलीलें कोर्ट ने नहीं मानी।

**प्रभात खबर** ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बाढ़ हवाई सर्वेक्षण के दौरान अधिकारियों को दिये गए निर्देश पर लिखा है – मुस्तैदी से हो बाढ़ राहत कार्य।

**आज अखबार** ने विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के बयान पर सुर्खी दी है – पाकिस्तान के गीदड़ भभकी का भारत ने दिया करारा जवाब।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. देश आज उनासीवां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराया और राष्ट्र को संबोधित किया।

02. प्रधानमंत्री ने दुश्मनों की नापाक कोशिशों को ध्वस्त करने के लिए शक्तिशाली हथियार प्रणाली मिशन सुदर्शन चक्र शुरू करने की घोषणा की।

03. श्री मोदी ने युवाओं के लिए आज से पीएम विकसित भारत रोजगार योजना की शुरूआत की।

04. पटना में ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित मुख्य राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ध्वजारोहण किया। प्रदेशवासियों को किया संबोधित।

05. और मुख्यमंत्री ने राज्य में नौकरी के लिए ली जाने वाली प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षाओं का शुल्क सौ रुपये करने की घोषणा की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।